# "An Era of Large Language Model" विषय पर अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 18 जनवरी 2025 को " **An Era of Large Language Model** " विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के प्रमुख अतिथि डॉ. किरण बाला दुबे सहायक प्राध्यापक , शास. नागार्जुन स्नातोकत्तर महाविद्यालय  रायपुर , ने छात्रों को उभरती हुई तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

अतिथि वक्ता ने बताया कि आजकल बड़े भाषा मॉडल (LLMs) जैसे GPT-4 ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया दौर शुरू किया है। ये मॉडल अब छात्रों और शोधकर्ताओं को सटीक और त्वरित जानकारी प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं, जिससे उनके शैक्षिक अनुभव और शोध कार्य में सुधार हो रहा है। शिक्षकों को कक्षा में बेहतर संवाद और मार्गदर्शन देने में मदद मिल रही है।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. लातिका ताम्रकार, श्री दिलीप साहू एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रतिभा वर्मा, श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ BCA , PGDCA तथा BSc विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अंत में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।












# कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 21/01/2025 को **PM-USHA 2.0** मद के अंतर्गत "**Deep Learning and its application** " विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सनतकुमार साहू ने अतिथि अतिथि वक्ता डॉ प्रशांत ताम्रकार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय दुर्ग, का स्वागत किया एवं श्री दिलीप कुमार साहू, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर(CS) ने अतिथि वक्ता का परिचय दिया। अतिथि वक्ता डॉ प्रशांत ताम्रकार ने आर्तिफिशिय इंटेलिजेंस, डीप लर्निंग और मशीन लर्निंग के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की । डॉ. ताम्रकार ने विभिन्न क्षेत्रो में आर्तिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की उपयोगिता के बारे जानकारी दी। उन्होंने चर्चा की कैसे ये तकनीकें डेटा विश्लेषण, पैटर्न पहचान, और निर्णय निर्माण प्रक्रियाओं के लिए उपयोग हो रही हैं, जो विभिन्न क्षेत्रो में प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

अतिथि वक्ता अपने व्याख्यान के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के शंकाओं का निराकरण किया तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों से अवगत कराया।

इस कार्यक्रम मे विभाग के अतिथि व्याख्याताओं डॉ प्रतिभा वर्मा, श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ ही लगभग 85 विद्यार्थी उपस्थित हुये। कार्यक्रम के अंत में विभाग के डॉ. लतिका ताम्रकार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर(आईटी) ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.19659° Long 81.296526°
21/01/25 02:54 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196528° Long 81.296498°
21/01/25 02:54 PM GMT +05:30


Geo-Tagging Camera
2025/01/21 15:02
Durg,Chhattisgarh,India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196537 Long 81.296456



Geo-Tagging Camera
2025/01/21 14:35
Durg,Chhattisgarh,India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196545 Long 81.296489


"क्लाउड कंप्यूटिंग पर अतिथि व्याख्यान: छात्रों के लिए एक नई दिशा"

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक में 25 जनवरी , 2025 को "क्लाउड कंप्यूटिंग" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग की तकनीकी दुनिया से परिचित कराने और इसके उद्योग में महत्व को समझाने का अवसर प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में डॉ. वर्षा ठाकुर झा , शास. नागार्जुन स्नातोकत्तर महाविद्यालय रायपुर, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुई । वे छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग के विकास, इसके उपयोग, और इसके भविष्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को इस अत्याधुनिक तकनीक के बारे में जागरूक करना और उनके लिए करियर के नए अवसरों के द्वार खोलना था। इस व्याख्यान के मुख्य बिंदु: क्लाउड कंप्यूटिंग के सिद्धांत और उपयोग, उद्योग में क्लाउड कंप्यूटिंग का बढ़ता प्रभाव एवं क्लाउड कंप्यूटिंग में करियर के अवसर पर प्रकाश डाला।

विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने कहा, "हमारे छात्रों के लिए यह एक शानदार अवसर है, ताकि वे आज की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति से अवगत हो सकें और अपने करियर को एक नई दिशा दे सकें।" कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. वर्षा ठाकुर झा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया एवं उनके उत्कृष्ट योगदान और व्याख्यान के लिए धन्यवाद व्यक्त किया ।




GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196524° Long 81.296291°
25/01/25 03:02 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196361° Long 81.296713°
25/01/25 03:16 PM GMT +05:30
Google

# कंप्यूटर में उभरती हुई तकनीकें और उपकरण: डॉ. अखिलेश श्रीवास का ज्ञानवर्धक और रोचक व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 27/01/2025 को PM-USHA 2.0 मद के अंतर्गत "Emerging Tools and Technology in Computer Science" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में, कंप्यूटर विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. सनत कुमार साहू ने अतिथि डॉ. अखिलेश श्रीवास, सहायक प्राध्यापक, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ का विशेष रूप से स्वागत किया।डॉ. अखिलेश श्रीवास, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने श्रोताओं को कंप्यूटर विज्ञान के भविष्य की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाकर कंप्यूटर के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकासों पर केंद्रित, उभरती हुई तकनीकों और उपकरणों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में उपयोग हो रहे AI के विभिन्न पहलुओं, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) पर चर्चा की, तथा बताया कि AI मानव समाज के जीवन को कैसे बदल रहा है और भविष्य में इसकी क्या संभावनाएं हैं।डेटा विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि कैसे नई जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और हम अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। साइबर सुरक्षा के खतरों और उनसे बचाव के तरीकों पर चर्चा की गई। यह भी बताया गया कि हम अपनी डिजिटल जानकारी को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं।इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) की अवधारणा और इसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला गया तथा यह भी बताया गया कि IoT हमारे घरों, शहरों और उद्योगों को कैसे स्मार्ट बना रहा है।यह व्याख्यान उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है जो कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि रखते हैं। यह व्याख्यान श्रोताओं को नवीनतम तकनीकों और उपकरणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ ही भविष्य में नई तकनीकों के उपयोग और रिसर्च पर आधारित था। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता सहित लगभग 85 छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में, डॉ. लतिका ताम्रकार सहायक प्राध्यापक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196454° Long 81.296894°
27/01/25 02:16 PM GMT +05:30
Google



GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196558° Long 81.296644°
27/01/25 01:04 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196586° Long 81.296425°
27/01/25 02:04 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196536° Long 81.296499°
27/01/25 01:05 PM GMT +05:30
Google

# नेटवर्क डेटा विश्लेषण में केंद्रीयता माप: एक शक्तिशाली उपकरण: डॉ. ऋषि रंजन सिंह

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 30/01/2025 को PM-USHA 2.0 मद के अंतर्गत "Centrality Measures: A tools for Network Data Analytics" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में, कंप्यूटर विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. सनत कुमार साहू ने अतिथि डॉ. ऋषि रंजन सिंह, सह प्राध्यापक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई छत्तीसगढ़) का विशेष रूप से स्वागत किया। डॉ. ऋषि रंजन सिंह, सह प्राध्यापक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई, छत्तीसगढ़ के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं। उन्होंने बताया कि नेटवर्क विश्लेषण एक तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है जो विभिन्न क्षेत्रों में लागू होता है, जैसे कि सामाजिक नेटवर्क, बाजार अनुसंधान, परिवहन, और जैव सूचना विज्ञान। नेटवर्क डेटा का विश्लेषण करने के लिए, "केंद्रीयता माप" एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह माप किसी नेटवर्क में नोड्स (जैसे, व्यक्ति, कंपनियां, वेबसाइट) के महत्व या प्रभाव को निर्धारित करने में मदद करता है। केंद्रीयता मापों की उपयोगिता बताते हुए कहा कि सामाजिक नेटवर्क विश्लेषण में प्रभावशाली व्यक्तियों, समूहों या संगठनों की पहचान करने के लिए, मार्केटिंग में प्रभावशाली ग्राहकों या सोशल मीडिया प्रभावितों की पहचान करने के लिए, जैविक नेटवर्क में महत्वपूर्ण प्रोटीन या जीन की पहचान करने के लिए, ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क में महत्वपूर्ण हब्स या ट्रांजिट पॉइंट्स की पहचान करने के लिए किया जाता है। यह व्याख्यान उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है जो कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि रखते हैं। यह व्याख्यान श्रोताओं को नेटवर्क डेटा विश्लेषण में केंद्रीयता माप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ ही भविष्य में नई तकनीकों के उपयोग और रिसर्च पर आधारित था। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता सहित लगभग 50 छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में, डॉ. लतिका ताम्रकार सहायक प्राध्यापक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196551° Long 81.296443°
30/01/25 11:44 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196576° Long 81.296454°
30/01/25 11:46 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196566° Long 81.29648°
30/01/25 01:05 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196576° Long 81.296454°
30/01/25 11:46 AM GMT +05:30
Google

"मोबाइल सिक्यूरिटी और कंप्यूटर साइंस में करियर" पर कॉलेज में विशेष अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 5 मार्च 2025 को "मोबाइल कम्प्यूटिंग और कंप्यूटर साइंस में करियर" विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । यह व्याख्यान छात्रों को मोबाइल तकनीक, ऐप्लिकेशन डेवलपमेंट, क्लाउड कम्प्यूटिंग, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में करियर के अवसरों के बारे में जागरूक कराया।

इस व्याख्यान में प्रमुख विशेषज्ञ गणेश राम नायक सहायक प्राध्यापक, शास. महिला पी.जी. महाविद्यालय दुर्ग , छात्रों को मोबाइल कम्प्यूटिंग के बढ़ते महत्व और इस क्षेत्र में करियर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। यह कार्यक्रम उन छात्रों के लिए खास तौर पर लाभकारी रहा, जो कंप्यूटर साइंस में करियर बनाने के इच्छुक है और नवीनतम तकनीकी रुझानों के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते थे।

कार्यक्रम में छात्रों को अपने सवाल पूछने और विशेषज्ञों से सीधा संवाद करने का अवसर भी मिला। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. लातिका ताम्रकार, श्री दिलीप साहू एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रतिभा वर्मा, श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ BCA , PGDCA तथा BSc विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अंत में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।






# "**Emerging technologies in computer and its application**"

## विषय पर अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 मार्च 2025 को " **Emerging technologies in computer and its application** " विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में प्रमुख अतिथि श्री कश्यप राठौर सहायक प्राध्यापक , शास. मॉडल कॉलेज सोमनी राजनांदगांव, ने छात्रों को उभरती हुई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इस व्याख्यान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), मशीन लर्निंग (ML), ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग, एज कंप्यूटिंग और 5G जैसी प्रौद्योगिकियों के उपयोग और उनके अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की गई।

अतिथि वक्ता ने बताया कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग (ML) हेल्थकेयर, वित्त और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। इन तकनीकों का उपयोग पूर्वानुमान विश्लेषण, स्वचालित निर्णय-निर्माण और व्यक्तिगत शिक्षा और निदान में किया जा रहा है।

क्वांटम कंप्यूटिंग पर भी चर्चा की गई, जहाँ अतिथि वक्ता ने बताया कि यह कैसे जटिल गणनाओं को हल करने का वादा करता है, जो पारंपरिक कंप्यूटरों के लिए संभव नहीं हैं, और इसका वास्तविक दुनिया में क्रिप्टोग्राफी, दवा खोज और अनुकूलन में उपयोग हो सकता है।

एज कंप्यूटिंग की बढ़ती भूमिका और 5G नेटवर्क द्वारा तेज़ और अधिक विश्वसनीय संचार की भूमिका पर विचार किया गया। इन तकनीकों का उपयोग स्मार्ट सिटी, ऑटोनॉमस वाहनों और औद्योगिक स्वचालन में किया जा रहा है।

ब्लॉकचेन का क्रिप्टोक्यूरेंसी से परे प्रभाव पर चर्चा की गई, विशेष रूप से इसके उपयोग के बारे में बताया गया कि यह कैसे सुरक्षा, पारदर्शिता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, हेल्थकेयर और वित्त जैसे क्षेत्रों में सुधार ला रहा है।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. लातिका ताम्रकार, श्री दिलीप साहू एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रतिभा वर्मा, श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ BCA , PGDCA तथा BSc विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अंत में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196509° Long 81.296462°
06/03/2025 12:27 PM GMT +05:30
Google



प्रेस विज्ञप्ति

साइंस कॉलेज में 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स (**IoT**)' पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग शैक्षणिक संस्थान में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 07/03/2025 को 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)' पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान छात्रों को आधुनिक तकनीकी नवाचारों से अवगत कराया और उन्हें IoT के क्षेत्र में कौशल विकसित करने का एक अवसर प्रदान करेगी। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को स्मार्ट तकनीकों और कनेक्टेड डिवाइस के माध्यम से भविष्य की तकनीकी दुनिया से जोड़ना है।

व्याख्यान में विशेषज्ञ वक्ता प्रो.जागृत कुमार ठाकुर , जो IoT के क्षेत्र में अग्रणी हैं, छात्रों को IoT के सिद्धांत, कार्यप्रणाली, और इसके उपयोग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्मार्ट होम, स्मार्ट सिटी, हेल्थकेयर, कृषि, और अन्य उद्योगों में इसके महत्व के बारे में जानकारी दी ।

कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने इस पहल के बारे में कहा, "IoT तकनीक हमारे छात्रों को एक नई दिशा प्रदान करेगी, जिससे वे न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त करेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ी की तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम होंगे।" इस कार्यक्रम मे विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. लतिका ताम्रकार एवं अतिथि व्याख्याता श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ ही लगभग 60 विद्यार्थी उपस्थित हुये। कार्यक्रम के अंत में विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री दिलीप साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।






# "Python में डेटा संरचना" पर कॉलेज में अतिथि व्याख्यान


शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 7 मार्च 2025 को "Python में डेटा संरचना" पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री सुरेश कुमार ठाकुर सहायक प्राध्यापक, इंदिरा गाँधी शास. स्नातोकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई , जो कंप्यूटर विज्ञान और प्रोग्रामिंग के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ हैं, ने छात्रों को Python प्रोग्रामिंग भाषा में डेटा संरचनाओं के महत्व और उपयोग के बारे में गहरी जानकारी दी। अतिथि ने शुरुआत में डेटा संरचना की मूल अवधारणा और इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए डेटा को सही तरीके से स्टोर और संगठित करना जरूरी होता है, और यही कार्य डेटा संरचनाएं करती हैं।

अतिथि ने Python में उपयोग होने वाली प्रमुख डेटा संरचनाओं, जैसे कि लिस्ट, टपल, सेट, और डिक्शनरी, पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को यह समझाया कि कैसे इन डेटा संरचनाओं का चयन प्रोग्राम के कार्य प्रदर्शन को प्रभावित करता है और इसके प्रभावी उपयोग से प्रोग्राम की गति और दक्षता में सुधार किया जा सकता है।

अतिथि ने डेटा संरचनाओं के बारे में समझाने के लिए कुछ लाइव कोडिंग उदाहरण भी दिए। छात्रों ने Python में डेटा संरचनाओं का निर्माण किया और उनके विभिन्न कार्यों को समझा। इसके साथ ही, उन्होंने डेटा संरचनाओं का सही उपयोग करने के लिए प्रैक्टिकल टिप्स भी दिए।

कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने Python डेटा संरचनाओं से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान पूछा। अतिथि ने बड़े धैर्य से छात्रों के सवालों का उत्तर दिया और उन्हें विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ.सनतकुमार साहू, डॉ. लातिका ताम्रकार एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रतिभा वर्मा, श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ BCA , PGDCA तथा BSc के विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक श्री दिलीप साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


Data Structures in Python
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196516° Long 81.296338°
07/03/2025 12:08 PM GMT +05:30
Google


in Python
Python
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196486° Long 81.296472°
07/03/2025 01:22 PM GMT +05:30
Google

# "**Setting up Linux Environment Installation and Configuration**"
# पर साइंस कॉलेज में अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 11/03 /2025 को " **Setting up Linux Environment Installation and Configuration** " पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री राजू खूंटे सहायक प्राध्यापक, शास. दिग्विजय स्नातोकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव , जो कि लिनक्स और ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक प्रमुख विशेषज्ञ हैं, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम की स्थापना प्रक्रिया, उसके विभिन्न संस्करणों के बारे में और लिनक्स के इंस्टॉलेशन के दौरान छात्रों को किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इस पर विस्तृत जानकारी दी।

विशेषज्ञ ने लिनक्स के इंस्टॉलेशन और सेटअप की स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाया। साथ ही, छात्रों को लिनक्स के उपयोग के लाभ और इसके कार्यात्मक क्षेत्र के बारे में भी बताया। छात्रों ने इस सत्र के दौरान इंस्टॉलेशन के साथ-साथ सिस्टम को कस्टमाइज करने के टिप्स भी सीखे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लिनक्स इंस्टॉलेशन की सही प्रक्रिया समझाना था, ताकि वे इसे अपने प्रोजेक्ट्स और शैक्षिक कार्यों में सही तरीके से उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के द्वारा मुख्य वक्ता श्री राजू खूंटे को स्मृति चिन्ह प्रदान किया एवं उनके उत्कृष्ट योगदान और व्याख्यान के लिए धन्यवाद व्यक्त किया । कार्यक्रम में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थी, शिक्षकों और तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वाले अन्य लोगों ने भाग लिया।


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196604° Long 81.296443°
11/03/2025 10:46 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196389° Long 81.296874°
11/03/2025 12:47 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196546° Long 81.296448°
11/03/2025 10:42 AM GMT +05:30
Google

"आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (**AI**) का मानव दैनिक जीवन पर प्रभाव" पर कॉलेज में अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 10.03.2025 को "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का मानव दैनिक जीवन पर प्रभाव" विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मो. गुलामें मुस्तफा अंसारी सहायक प्राध्यापक शास. मॉडल कॉलेज सोमानी राजनांदगांव, जो AI के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ हैं, ने छात्रों और शैक्षिक समुदाय को AI के प्रभाव और इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

व्याख्यान में अतिथि वक्ता ने बताया कि किस प्रकार AI ने हमारे दैनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। उन्होंने बताया कि AI आज सिर्फ तकनीकी उपकरणों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, मनोरंजन, और यहां तक कि घरों के अंदर तक अपनी भूमिका निभा रहा है।


स्वास्थ्य क्षेत्र में **AI** का प्रभाव:
अतिथि वक्ता ने बताया कि AI तकनीक का सबसे बड़ा योगदान स्वास्थ्य सेवा में हुआ है। स्मार्ट हेल्थ डिवाइस और AI आधारित निदान प्रणाली ने डॉक्टरों की मदद करते हुए मरीजों को जल्दी और सही उपचार प्रदान किया है।

शिक्षा और कार्यों में **AI** का योगदान:
AI ने शिक्षा में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। स्मार्ट टूल्स और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान और सीखने के अवसर प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, AI द्वारा रोज़मर्रा के कामों को स्वचालित करने से कार्यों की गति और दक्षता में वृद्धि हो रही है।

समाजिक और नैतिक प्रभाव:
अतिथि वक्ता ने इस बात पर भी चर्चा की कि AI का तेजी से बढ़ता प्रभाव समाज में बदलाव ला रहा है। हालांकि इसके कई फायदे हैं, लेकिन इसके गलत उपयोग से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों जैसे कि गोपनीयता की समस्याएं और रोजगार के अवसरों में बदलाव पर भी विचार किया गया।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने विभिन्न सवाल पूछे, और अतिथि ने AI के संभावित खतरों और इसके नैतिक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। इस व्याख्यान ने विद्यार्थियों को AI के प्रभाव और भविष्य के विकास को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक और छात्रगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने इस कार्यक्रम को अत्यधिक जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक बताया।


GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196494° Long 81.296579°
10/03/2025 12:25 PM GMT +05:30
Google


Govt. V.Y.T. P.G. Auto. College Durg
Guest Lecture
on
GPS Map Camera
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196565° Long 81.296399°
10/03/2025 01:22 PM GMT +05:30
Google

# "AI इन्फ्रास्ट्रक्चर: ऊर्जा दक्षता और स्केलेबिलिटी" पर विशेष व्याख्यान

साइंस कॉलेज के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 12 मार्च 2025 को "AI इन्फ्रास्ट्रक्चर: ऊर्जा दक्षता और स्केलेबिलिटी" पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में AI तकनीकी विकास के ऊर्जा उपयोग और स्केलेबिलिटी पर चर्चा की गई। प्रमुख वक्ता श्री विश्वनाथ ताम्रकार सहायक प्राध्यापक शास. मॉडल कॉलेज दुर्ग, ने बताया कि AI मॉडल्स की बढ़ती मांग से ऊर्जा खपत में वृद्धि हो रही है, और इसे नियंत्रित करने के लिए उन्नत हार्डवेयर और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग आवश्यक है। व्याख्यान में AI इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के समाधान और भविष्य की दिशा पर भी विचार किया गया।

यह कार्यक्रम संस्थान के छात्रों और उद्योग के विशेषज्ञों के लिए अत्यधिक जानकारीपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम मे गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. राकेश तिवारी एवं  कंप्यूटर विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. सनत कुमार साहू, प्राध्यापक श्री दिलीप साहू व अतिथि व्याख्याता  गण सम्मिलित  हुये। कार्यक्रम के अंत में विभाग के डॉ. लतिका ताम्रकार, सहायक प्राध्यापक (आईटी) ने धन्यवाद ज्ञापित किया।







